सिर्फ खतरनाक श्वानों के बंध्याकरण तक सीमित रहा नगर निगम, धरपकड़ की कोई व्यवस्था नहीं की

सात माह में नहीं बन पाया दूसरा शेल्टर होम

उदासीनता

प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। उच्चतम न्यायालय ने एकबार फिर सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाने का आदेश दिया है। इससे पहले पिछले साल नवंबर में भी न्यायालय ने स्कूल-कॉलेज, अस्पताल और सार्वजनिक स्थलों से आवारा और लोगों के लिए खतरा बन चुके कुत्तों को हटाने का आदेश दिया है। लोगों पर कुत्ते हमला कर रहे हैं। न्यायालय बार-बार लोगों को कुत्तों के हमले से बचाने का आदेश दे रहा है। हमला और न्यायालय के आदेश के बावजूद आवारा कुत्तों की धरपकड़ की कोई व्यवस्था नहीं हुई।

न्यायालय का आदेश जारी होने के बाद पूर्व प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने कुत्तों को सेंसरयुक्त पट्टा पहनाने और खतरनाक कुत्तों को आजीवन शेल्टर होम में रखने का निर्देश दिया था। कुत्तों को सेंसर वाला

पट्टा पहनाने को लेकर नगर निकायों के पशुधन अधिकारियों की लखनऊ में कार्यशाला हुई। कुत्तों को पट्टा पहनाने का काम प्राइवेट एजेंसी को देने के लिए कहा गया था। न्यायालय के आदेश के बाद नगर निगम कटखने कुत्तों के बंध्याकरण तक ही सीमित रहा। प्रयागराज समेत प्रदेश के एक भी नगर निगम ने आवारा कुत्तों को पट्टा पहनाने का अभियान शुरू किया और न ही खतरनाक श्वानों की जानीवन शेल्टर होम में रखने की कवायद की। लोगों की शिकायत पर नगर निगम के पशुधन विभाग ने आजीवन शेल्टर होम में रखने के लिए पकड़ा, लेकिन फिर छोड़ दिया। उच्चतम न्यायालय के आदेश को लेकर पशुधन विभाग कहता कि शहर में प्रस्तावित आठ जोन में कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाए जाएंगे। नगर निगम आजतक एक भी नया शेल्टर होम नहीं बनाया।

शिकायत की तो खुद रोक लगाने की दी हिदायत: शहर के सार्वजनिक स्थलों में कुत्तों की दहशत और हमले की शिकायत नगर निगम को मिलती रही। नगर निगम ने कुत्तों को पकड़ने की बजाय सार्वजनिक स्थलों पर स्ववं रोक लगाने की रखवाली करने का सुझाव देने लगा। पिछले दिनों स्वरूप रानी अस्पताल में आवारा कुत्तों के आतंक की शिकायत मिली तो पशुधन अधिकारी ने जवाब में कहा कि सुरक्षा में लगे गार्ड बाहरी कुत्तों के प्रवेश को रोकें। पशुधन अधिकारी का कहना था कि जब आवारा कुत्तों को रखने की जगह ही नहीं तो कहां रखें। इसी तरह का सुझाव आजाद पार्क के लिए भी दिया गया। नई व्यवस्था में नगर निगम ने परिसर के अंदर कुत्तों का बंध्याकरण करने तक सीमित रहने का निर्णय लिया था।

शहर में कुत्तों के हमले और व्यवस्था

- हर माह औसत सात हजार लोगों को काट रहे कुत्ते।
- प्रतिदिन 15-20 लोग रेबीज इम्युनोग्लोबुलिन का इंजेक्शन लगवा रहे।
- बेली, कॉल्विन के अलावा 24 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में लगते हैं टीके।
- बेली अस्पताल में जनवरी से अप्रैल तक 30,000 लोगों को एंटी-रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए।
- कॉल्विन अस्पताल में 14,500 लोगों को एंटी-रेबीज लगाए गए।
- सीएचसी से अधिकतर लोगों को बड़े अस्पतालों में भेजा जाता है।
- कुत्तों के काटने पर एंटी-रेबीज के चार इंजेक्शन 28 दिन में लगाए जाते हैं।
- कुत्तों के काटने से खून निकलने पर आरआईजी इंजेक्शन लगाया जाता है।
- शहर में सिर्फ करेली में कुत्तों का शेल्टर होम।
- शेल्टर होम में 300 कुत्तों के रहने की व्यवस्था।
- प्रतिदिन 15-20 कुत्तों का होता है बंध्याकरण
- फाफामऊ में दूसरा शेल्टर होम बनाने की योजना।

> शहर में आवारा कुत्तों की संख्या बहुत है, लेकिन को शेल्टर होम में रखने की जगह नहीं है। एक और शेल्टर होम बना रहे हैं। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर शासन के आदेश भी अपेक्षित है। शासन जैसा आदेश देगा, उसी के अनुसार भविष्य के लिए व्यवस्था करेंगे। – **डॉ. विजय अमृतराज**, पशुधन अधिकारी, नगर निगम, प्रयागराज

गंगा एक्सप्रेस वे से 10.30 घंटे में मेरठ पहुंची बस

प्रयागराज। गंगा एक्सप्रेस-वे के रास्ते प्रयागराज से चलाई गई रोडवेज की ट्रावल बस साढ़े दस घंटे में मेरठ पहुंची। वापसी में भी बस को लगभग इतना ही समय लगा। बस में चालक-परिचालक के अलावा सर्वे टीम के कर्मचारी मौजूद थे, जिन्होंने रास्ते में संभावित स्टपिज का निरीक्षण किया।

क्षेत्रीय प्रबंधक रविंद्र सिंह ने बताया कि बस सोमवार शाम लीडर रोड डिपो से रवाना हुई थी। सर्वे के दौरान रायबरेली, लालगंज, शाहजहांपुर, बदायूं और हरदोई समेत कई स्थानों पर स्टपिज बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इन स्थानों पर हाईवे कट के पास यात्रियों को बैठाने और उतारने की सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा कारणों से हाईवे पर बसों की रफ्तार नियंत्रित रखी जाती है, इसलिए यात्रा समय अधिक लग रहा है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर फिलहाल प्रयागराज और मेरठ के बीच शाम छह बजे बस संचालन की योजना बनाई गई है।

शहर 30s

प्रेसवार्ता में लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष व अन्य पदाधिकारी।

नागरिकों के साथ धोखा कर रहे हैं अखिलेश

प्रयागराज। लोक जनशक्ति पार्टी राम विलास के प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान ने सपा नेताओं पर गुंडागर्दी का आरोप लगाया। कहा कि नेता संगीन आपराधिक मामलों में लिप्त हैं। सपा प्रमुख पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का समाज के पिछड़े वर्ग के साथ खड़े होने का दावा धोखा है। न्यूज रिपोर्टर्स क्लब में हुई पत्रकार वार्ता में उन्होंने दावा किया कि प्रदेश के आगामी चुनाव में पूरी तैयारी के साथ लड़ने पर विचार कर रहे हैं। इस दौरान शिवम मिश्र, देवेंद्र तिवारी, जितेंद्र पासी, विनय कुशवाहा, नंद कुमार सोनी आदि मौजूद रहे।

सेक्शन कंट्रोलर भर्ती का साइको टेस्ट छह को

प्रयागराज। रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) ने सेक्शन कंट्रोलर (लेवल-6) भर्ती के लिए होने वाले कंप्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूड टेस्ट (सीबीएटी) यानी साइको टेस्ट की नई तारीख घोषित कर दी है। अब परीक्षा छह जून को होगी। पहले यह परीक्षा 24 मई को प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में स्थगित कर दी गई थी। आरआरबी ने बताया कि परीक्षा शहर की जानकारी और एससी-एसटी अभ्यर्थियों के लिए ट्रैवल अथॉरिटी लिंक परीक्षा से 10 दिन पहले वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

अस्पताल में भर्ती महिला सिपाही की मौत

प्रयागराज। कैट थाने में तैनात महिला कांस्टेबल 32 वर्षीय बेबी देवी की गंभीर बीमारी के चलते सोमवार रात मौत हो गई। उन्नाव जिले के थाना बारासगवर क्षेत्र के गांव निघान खेड़ा की बेबी देवी को चार दिन पहले तबीयत खराब होने पर सिविल लाइंस स्थित प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिविल लाइंस थाना प्रभारी रामाश्रय यादव ने बताया कि शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

दो स्लीपर एसी बसों का चालान, एक बस सीज

प्रयागराज। परिवहन विभाग ने मंगलवार सुबह एसी बसों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की। पीटीओ केकी मिश्र के नेतृत्व में चले अभियान में दिल्ली से वाराणसी आ रही एक एसी स्लीपर बस की जांच की गई। बस में निर्धारित क्षमता से अधिक एक अतिरिक्त स्लीपर लगा मिला, जिस पर चालान किया। वहीं दूसरी एसी बस में बिना ऑनलाइन बुकिंग यात्रियों को बैठाकर सफर कराया जा रहा था। बस को सीज कर दिया। अभियान के दौरान कुल 35 वाहनों का चालान किया गया।

मंदिर में दर्शन करने गए युवक की बाइक चोरी

प्रयागराज। बड़े हनुमान मंदिर दर्शन करने गए युवक की बाइक चोरी हो गई। नैनी के मड़ौका निवासी राजेंद्र प्रसाद ओझा ने तहरीर में बताया कि वह दवा खरीदने के बाद हनुमान मंदिर दर्शन के लिए जा रहे थे। परेड चौराहे के पास एक रिश्तेदार के मिलने पर चौराहे के पास ही बाइक खड़ी कर चले गए। लेकिन, लौटने पर बाइक गायब थी। कीडगंज पुलिस सीसीटीवी फुटेज की मदद से शातिरों की तलाश में जुटी है।

सिद्धार्थ नाथ ने किसानों को बीज वितरित किए

प्रयागराज। विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह ने मंगलवार को भगवतपुर में किसान कल्याण केन्द्र का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को नि:शुल्क बीज वितरित किए। कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में विकास खंड भगवतपुर में 19,608 किसानों को किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिल रहा है।

झूंसी की फायरिंग में दो को भेजा जेल

झूंसी। थानाक्षेत्र के ईसीपुर गांव में सोमवार शाम जमीन के बकाये पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों में खुनी संघर्ष हो गया था। मारपीट और पथराव के बीच हुई फायरिंग में असहद नामक युवक की जांघ में गोली लगी थी। पुलिस ने मुख्य आरोपी सोनू और उसके साथी ईजमाम को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से एक बिना लाइसेंस की पिस्टल और बुलेट बरामद की गई है। ईसीपुर निवासी अमीना बेगम ने मलावां बुजुर्ग में जमीन के लिए सोनू को 11 लाख रुपये दिए थे। सोमवार को जब अमीना और उनके बेटे फैसल ने सोनू से पैसे वापस मांगे तो विवाद बढ़ गया। आरोप है कि सोनू और उसके साथियों ने पिस्टल से फायर कर दिया, जिससे युवक घायल हो गया।

सभी होटलों में की जाएगी सुरक्षा मानक की जांच

फॉलोअप

- डीएम ने जांच टीम गठित कर मांगी रिपोर्ट
- सिविल लाइंस के होटल में आग लगने पर जागे

प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। सिविल लाइंस के एक होटल में लगी आग के बाद जिलाधिकारी ने सभी होटलों के सुरक्षा मानकों की जांच के निर्देश दिए हैं। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने एडीएम सिटी की अध्यक्षता में सीएफओ व प्रयागराज विकास प्राधिकरण के एक नामित अफसर की जांच कमेटी गठित कर दी है।

सिविल लाइंस के एक होटल में सोमवार को आग लग गई थी। कुछ दिन पूर्व ही एडीएम सिटी ने सभी होटल व रेस्टोरेंट संचालकों को निर्देश दिए थे कि वो अपने यहां जांच कराएं। अभी कोई सूचना आती, इसके ठीक पहले ही यह घटना हो गई। डीएम ने बताया कि जिस होटल में आग लगी थी, वहां के बारे में विस्तार से रिपोर्ट देने के लिए प्रयागराज विकास प्राधिकरण को कहा है। इसके साथ ही तीन सदस्यीय जांच कमेटी अन्य जगह निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट देगी। जिससे ऐसी घटनाओं के लिए पहले ही सतर्कता बरती जा सके।

कोल्ड स्टोर हादसे में चार को जमानत

प्रयागराज । बहुचर्चित आदर्श कोल्ड स्टोर हादसे के मामले में मंगलवार को सत्य प्रकाश त्रिपाठी की अदालत से चार आरोपियों मोहम्मद इरफान, मोहम्मद जाबिर उर्फ जावेद, अलाउद्दीन तथा मोहम्मद उस्मान की जमानत मंजूर कर ली। अदालत ने कहा कि विवेचना में यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि गैस चैंबर में विस्फोट सीधे तौर पर अभियुक्तों की प्रत्यक्ष लापरवाही के कारण हुआ हो। मामले में अभियुक्त मो उस्मान को उक्त कोल्ड स्टोर का प्रबंधक बताया गया है, जबकि बाकी आरोपी शीतगृह संचालन में सहयोगी बताए गए हैं। यह तथ्य भी स्पष्ट होते हैं कि अभियुक्तगण अथवा उनमें से कोई कोल्ड स्टोर का स्वामी नहीं है और न ही फर्म के भागीदार हैं।

जेल में बंद होने से अंसार का मुआवजे से इनकार

- पूर्व मंत्री के चंदापुर कोल्ड स्टोर में हुई थी घटना में चार की हुई थी मौत

प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। चंदापुर के कोल्ड स्टोर में विस्फोट में चार श्रमिकों की मौत के बाद मुआवजे के मामले में अब नया मोड़ आया है। हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को मुआवजा दिलाने के लिए जब श्रम विभाग ने पूर्व मंत्री अंसार अहमद को नोटिस दिया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। बाद में जेल में नोटिस तामिला कराने पर पूर्व मंत्री ने खुद के जेल में निरुद्ध होने के कारण मुआवजा देने में असमर्थता जताई। जिसके बाद उपायुक्त श्रम ने पीड़ित परिजनों से कहा है कि वो न्यायालय में वाद दाखिल कर सकते हैं।

पूर्व मंत्री के कोल्ड स्टोर में बीते मार्च महीने में विस्फोट से एक जर्जर हिस्सा दब गया था। चार लोगों की मौत हो गई थी जबकि कई अन्य घायल हो गए थे। मामले में पूर्वमंत्री को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था, लेकिन पीड़ितों को मुआवजा दिलाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि सभी सामान हटा लिया गया है और अब इसे तोड़ा जाएगा। क्योंकि भवन जर्जर होने के कारण किसी के इस्तेमाल योग्य नहीं रह गया है।

सर्किट हाउस में भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी का स्वागत करते लोग। ● हिन्दुस्तान

लाइट लगवाने में मंत्री की सिफारिश भी काम न आई

- नैनी में चौराहे पर लाइट के लिए तीन साल से गुहार
- जनसुनवाई में अफसरों ने दिया आश्वासन

प्रयागराज, प्रमुख संवाददाता। नैनी के महेवा में सेमी हाईमास्ट लगाने के लिए लोग तीन साल से गुहार लगा रहे हैं। चौराहे पर सेमी हाईमास्ट लगाने के लिए प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने नगर निगम को पत्र लिखा। इसके बाद भी लाइट नहीं लगी।

मोहल्ले के लोग लाइट लगाने के लिए मंगलवार को नगर निगम की जनसुनवाई में पहुंचे और नगर आयुक्त साईं तेजा के सामने मामला रखा। नगर आयुक्त ने शीघ्र लाइट लगाने का आश्वासन दिया। नगर आयुक्त से मिलने के बाद लोगों ने बताया कि तीन साल से अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। अविनाश मिश्रा के नेतृत्व में त्रिवेणीपुरम आवासीय समिति के लोगों ने नगर आयुक्त के समक्ष आवास योजना में सफाई नहीं होने, दूषित जलापूर्ति, गृहकर और पानी-सीवर के बिलों में गड़बड़ी, सीवर और पेयजल पाइप लाइन लीकेज पर ज्ञापन दिया। नगर आयुक्त ने संबंधित क्षेत्र के इंजीनियरों को तत्काल व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया। चकभटाही के लोगों ने नालियों का पानी बड़े नाले में नहीं जाने की शिकायत की। लोगों ने कहा कि मार्ग पर नालियों का पानी भरने से आवागमन में परेशानी होती है। नगर आयुक्त ने क्षेत्र के इंजीनियर को नालियों में पानी की रुकावट दूर करने का निर्देश दिया। अफसर महमूद के नेतृत्व में आल इंडिया मजलिस एक इत्तेहादुल मुस्लिमीन के सदस्यों ने ईद उल अजहा से पहले मुस्लिम इलाकों में साफ-सफाई, पेयजल आपूर्ति सुधार की मांग की।

वहीं कर्नलगंज की अर्पिता, साक्षी और गरिमा ने मोहल्लें की सकरी गली के बीच नाली बनाने का विरोध किया। कहा कि एक नाली पाटकर दूसरी नाली बनाने का कोई औचित्य नहीं है।

बारिश पूर्व नाला सफाई के लिए दिया धरना

प्रयागराज। बारिश से पहले नाला सफाई की मांग को लेकर पार्षद मंगलवार को नगर निगम में धरने पर बैठे। नगर आयुक्त कार्यालय में जनसुनवाई शुरू होने के साथ पार्षदों ने अपर नगर आयुक्त कार्यालय के सामने धरना शुरू कर दिया। धरने में शामिल पार्षदों का कहना था कि 15 जून से मानसून दस्तक देगा। नगर निगम ने अभीतक नाला सफाई शुरू नहीं की। धरनास्थल पर सभा में कई पार्षदों ने नगर निगम पर नाला सफाई में पक्षपात का आरोप लगाया। जनसुनवाई के बाद नगर आयुक्त साईं तेजा धरना दे रहे पार्षदों के पास पहुंचे और ज्ञापन लिया। ज्ञापन में पार्षदों नाला सफाई के साथ जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र समय से जारी करने, गृहकर के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू करने आदि की मांग की गई।

गोली से घायल तीर्थ पुरोहित की मौत

प्रयागराज । तीर्थ पुरोहित मार्तंड प्रकाश दुबे की सोमवार की देर रात अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रकाश दुबे को चार मई की रात बाइक सवार दो बदमाश चार गोलियां मारकर फरार हो गए थे। उनकी पत्नी ने दोनों बेटों और बहू के खिलाफ संपत्ति विवाद में साजिश रचने के आरोप में कीडगंज थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस तीर्थ पुरोहित की मौत के बाद अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। चौखंडी निवासी 60 वर्षीय तीर्थ पुरोहित मार्तंड प्रकाश दुबे चार मई की रात करीब सवा दस बजे घर के बाहर काली मंदिर के पास बैठकर कुछ लोगों से बात कर रहे थे। उसी दौरान बदमाशों ने प्रकाश दुबे को चार गोली मार दी थी।

50 हजार के इनामी बदमाश को पकड़ा

प्रयागराज। एसटीएफ प्रयागराज ने 50 हजार के इनामी अपराधी शीबू अंसारी को बांदा के थाना नरैनी स्थित बबेरु बीआरसी स्कूल के सामने सुनार गली से गिरफ्तार किया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी तलाश में बांदा पुलिस और एसटीएफ की टीम लगातार दबिश दे रही थी। बांदा के नरैनी निवासी शीबू अंसारी बबेरू ने वर्ष 2025 में अपने साथियों के साथ मिलकर कई चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। वह पहले भी जेल जा चुका है।

ONGC ओएनजीसी ONGC ONGC

MEHSANA ASSET EXPRESSION OF INTEREST (EOI)

ONGC, Mehsana Asset, intends to hire services for implementation of Sustainable and Cost-Effective MEOR jobs in huff and puff mode in wells of Mehsana Asset. Accordingly, Mehsana Asset invites Expressions of Interest (EOI) from nationally / internationally reputed, technically competent, and financially sound business partners capable of providing the service along with trained and experienced manpower, to ensure safe, reliable, and efficient MEOR operations in the wells of Mehsana Asset.

Interested bidders are requested to submit their response/proposal to the following email address: sst_mhn @ongc.co.in.

For further details, please visit https://tenders.ongc.co.in

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर

सूचना

समग्र शिक्षा के अन्तर्गत आउटसोर्सिंग के माध्यम से जिला परियोजना कार्यालय, कुशीनगर में जिला समन्वयक (सामुदायिक सहभागिता) के रिक्त पद पर चयन हेतु सेवायोजन पोर्टल (https://sewayojan.up.nic.in) पर सेवाप्रदाता संस्था में सहज इण्टरप्राईजेज, लखनऊ के माध्यम से रिक्त पद का प्रकाशन करा दिया गया है, जिसमें योग्यता अर्हता अनुभव एवं मानदेय उल्लिखित है। जिसके आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक 26 मई, 2026 है। इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर उक्त निर्धारित तिथि तक आवेदन कर सकते हैं। अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(डॉ० राम जियावन मौर्या)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कुशीनगर

पत्रांक: 3919-23/2026-27
दिनांक 18.05.2026

भारत में सुशासन और सनातन का अमृतकाल चल रहा : पूर्व मंत्री नकवी

'मस्जिदों और ईदगाहों में हो इबादत'

नमाज को लेकर सवाल पर नकवी ने कहा कि इबादत सभी के कल्याण के लिए होती है, लेकिन सड़क पर नमाज पढ़ने से आमजन को परेशानी होती है। इसलिए मुस्लिम समाज को मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ लोग नमाज के नाम पर सांप्रदायिक राजनीति फैलाना चाहते हैं, जिनसे सावधान रहने की जरूरत है।

प्रयागराज, कार्यालय संवाददाता। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी का प्रयागराज आगमन पर मंगलवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सर्किट हाउस में स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

भाजपा नेता रामजी केसरवानी और राजेश केसरवानी से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण कार्यशाला महाभियान पर भी चर्चा की। पत्रकारों से बातचीत में नकवी ने कांग्रेस और सपा पर हमला बोला। कहा कि कांग्रेस निर्मित निर्देशित वोट चोरी का हारर शो जनता के बीच टांय-टांय फिस्स हो रहा है। दावा किया कि बिहार, पश्चिम बंगाल और असम में विपक्ष की रणनीति विफल हुई है और अब उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों में भी जनता उन्हें नकार देगी। नकवी ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी दल आज देश की 78 प्रतिशत आबादी और 22 राज्यों में सुशासन का ध्वज फहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में 'सुशासन और सनातन का अमृतकाल' चल रहा है। वैश्विक संकट के दौर में भारत को सक्षम नेतृत्व मिला है, जिसने हर चुनौती का प्रभावी समाधान प्रस्तुत किया है। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले पर उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बता कही।

पूर्व नेवी अफसर से 4.21 लाख की साइबर ठगी

शातिर ने दुकानदार को लगाई 99 हजार की चपत

प्रयागराज। सिविल लाइंस में शातिर ने एक दुकानदार को 99 हजार रुपये की चपत लगा दी। सिविल लाइंस पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। अशोक नगर नेवादा निवासी चंद्रमोहन कुमार की सिविल लाइंस में रोबोट चौराहा के पास छोला-भटूरा की दुकान है। उन्होंने पुलिस को बताया कि आठ मई को एक युवक दुकान पर आया। कहा कि उसका एक परिचित अस्पताल में भर्ती है और उसे चार हजार रुपये भेजना है। नकद चार हजार रुपये देने की बात कहकर स्कैनर दिया। रुपये ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद युवक चकमा देकर फरार हो गया।

लाख रुपये का फर्जी बैलेंस दिखाकर राजरेड्डी नामक व्यक्ति ने रकम रिलीज करने के लिए टैक्स जमा करने का दबाव बनाया। शक होने पर पैसे वापस मांगे तो संपर्क टूट गया।

यार्ड मास्टर और ट्रैफिक इंस्पेक्टर पदनाम खत्म

रेलवे

प्रयागराज, वरिष्ठ संवाददाता। रेलवे बोर्ड ने प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए यार्ड मास्टर और ट्रैफिक इंस्पेक्टर जैसे पुराने पदनाम समाप्त कर दिए हैं। अब इन सभी कर्मचारियों को एक ही श्रेणी में 'स्टेशन मास्टर' के नाम से जाना जाएगा। रेलवे ने वर्ष 2003 में ही इन पदों का स्टेशन मास्टर कैडर में विलय कर दिया था, लेकिन फील्ड वर्क और एचआरएमएस सिस्टम में पुराने नाम अब तक चल रहे थे। इससे पदोन्नति, ड्रेस अलाउंस और अन्य सुविधाओं में तकनीकी दिक्कतें आ रही थीं। रेलवे बोर्ड के संयुक्त निदेशक जया कुमार ने सभी जोनल रेलवे को तत्काल प्रभाव से पुराने पदनाम हटाने और डिजिटल रिकॉर्ड अपडेट करने के निर्देश दिए हैं। रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इससे प्रशासनिक पारदर्शिता और कार्य व्यवस्था में स्पष्टता आएगी।

रेलकर्मी का व्हाट्सएप हैक कर भेजा संदेश

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के सीपीआरओ शशिकांत त्रिपाठी के निजी सचिव एसजे रहमानी का व्हाट्स एप मंगलवार को हैक हो गया। साइबर शातिर ने उनके व्हाट्स एप से सैकड़ों लोगों को शादी के निमंत्रण का मैसेज भेजा। साथ ही एपीके फाइल भी थी। जिन लोगों ने एपीके फाइल डाउनलोड की, उनका मोबाइल हैक भी हो गया। इस घटना से रहमानी के साथी, सहयोगी, अफसर और परिजन परेशान हो गए। उन्होंने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर इसकी शिकायत की। बाद में आईटी सेल की मदद से व्हाट्स एप दोबारा इंस्टाल किया। साइबर टीम की जांच के बाद पता चलेगा कि किसने व्हाट्स एप हैक किया था।

बैंक ऑफ इण्डिया Bank of India BOI

आंचलिक कार्यालयः "स्टार हाऊस" विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010, फोनः 0522–2721512

ई-नीलामी सूचना

अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना नियम 9 (1) के तहत

यह ई–नीलामी बिक्री सूचना वित्तीय परिसम्पत्तियों की प्रतिभूतिकरण एवम् पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002 तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 (1) के अधीन बैंक के पास बंधक अचल सम्पत्ति की बिक्री के लिए है। इस नोटिस के माध्यम से आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (कर्ताओं) और जमानतकर्ता (कर्ताओं) को सूचित किया जाता है कि बैंक ने बंधक अचल सम्पत्तियों जिनका विवरण नीचे दिया गया है तथा जिनका सांकेतिक/भौतिक कब्जा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा गया है को 'जैसा हैं, जहां हैं', 'जो हैं, जैसा है' तथा 'जो कुछ भी है, के आधार पर बिक्रय की जायेगी।

ईएमडी / दस्तावेज जमा करने की अनिम तिथि दिनांक 08.06.2026 को सायं 05:00 बजे तक
ई-नीलामी की तिथि एवं समय 09.06.2026, प्रातः 11:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

क्र. सं.	खातेदार / जमानतकर्ता का नाम एवं पता / बकाया राशि	अचल सम्पत्तियों का विवरण एवं कब्जा की स्थिति	निर्धारित आरक्षित मूल्य / अग्रिम धनराशि (₹)
शाखाः आस्ति वसूली शाखा, वरिष्ठ प्रबन्धक, अमित यादव, मोः 9415389015			
1.	**1. मेसर्स आदर्श इंडस्ट्रीज,प्रोप्राईटरशिप फर्म, प्रोप. श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता के माध्यम से,** पंजीकृत कार्यालय– 118 बी/2, जयंतिपुर, इलाहाबाद–212202 **2. श्री अमित गुप्ता पुत्र स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता**, निवासी 218 सी/1, जयंतिपुर, सुलेम सराय, इलाहाबाद–211011 **3. श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता,** निवासी 218 सी/1, जयंतिपुर, सुलेम सराय, इलाहाबाद–211011 **मांग सूचना की तिथिः 04.07.2017,** **बकाया धनराशिः ₹ 69,26,064.82 +ब्याज एवं अन्य खर्चे**	1) सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित मकान संख्या 180/1/ज़ेड, बिघले का पुरवा, आराजी संख्या 360 के भाग पर निर्मित, मौजा गयासुद्दीनपुर, सदर, इलाहाबाद, **स्वामिनी श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, क्षेत्रफल 342.00 वर्ग मीटर, चौहद्दीः–पूर्वः** गोपाल जी की भूमि एवं रास्ता, **पश्चिमः** अमृत लाल भाईलाल की भूमि, **उत्तरः** अजोरिया आदि का प्लॉट, **दक्षिणः** विक्रेता की आराजी भूमि का आंशिक भाग, तत्पश्चात लालजी फूलन का मकान 2) सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से निहित मकान संख्या 180/1/1ज़ेड, बिघले का पुरवा, आराजी संख्या 360 के भाग पर निर्मित, मौजा गयासुद्दीनपुर, सदर, इलाहाबाद, **स्वामिनी श्रीमती गीता गुप्ता पत्नी स्व. श्री बांकेलाल गुप्ता, क्षेत्रफल 228.48 वर्ग मीटर, चौहद्दीः–पूर्वः** 10 फीट रास्ता, तत्पश्चात गोपाल की भूमि, **पश्चिमः** अमृत लाल भाईलाल की भूमि, **उत्तरः** वेदी का प्लॉट, **दक्षिणः** बदायूं लाल एवं फूलन का मकान (कब्जा–सांकेतिक)	₹ 38,50,000/– ₹ 3,85,000/–

नियम एवं शर्तें: बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित क्रेडिटर के वेब पोर्टल पर लिए गए लिंक को देखें **i.e.https://www.bankofindia.bank.in, https://baanknet.com** अधिक जानकारी के लिए सम्बन्धित एजीएम/मुख्य प्रबंधक / शाखा प्रबंधक को ऊपर दी गई शाखाओं व उनके फोन नम्बर पर सम्पर्क करें। नोट–न्यूनतम स्वीकार्य बोली आरक्षित मूल्य (आरपी) से रू. 10,000/– उपर होगी।

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन), नियम 2002 के नियम 9 (1) के तहत वैधानिक 15 दिनों की बिक्री सूचना

दिनांकः 15.05.2026 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ इण्डिया